# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न
## 27 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### ड्रेन में अपशिष्टों को छोड़ने से रोकना

***161 श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि समालखा से निकलने वाली पानीपत की ड्रेन नंबर-2 में रंगाई इकाइयों, कारखानों तथा उद्योगों के रासायनिक मिश्रित अपशिष्टों को छोड़ा जा रहा है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त ड्रेन जिन गांवों से निकलती है वहां के भू-जल और पर्यावरण को दूषित कर रही है; तथा

ग) ड्रेन नंबर-2 में रासायनिक मिश्रित अपशिष्टों को छोड़े जाने से रोकने तथा उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

### प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना

***162 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला करनाल के गाँव निगधु में राजकीय महाविद्यालय के

भवन के निर्माण कार्य के लिए रुपए 3235.81 लाख की राशि का अनुमान प्रस्तावित किया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त अनुमानों की प्रशासनिक स्वीकृति कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि वर्तमान में उक्त महाविद्यालय में स्टॉफ अपर्याप्त है; तथा

(ग) उक्त महाविद्यालय में नियमित एवं पर्याप्त स्टॉफ उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बारात घर का निर्माण कार्य पूरा करना

*163 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि कलायत में भगवान परशुराम बारात घर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं;

(ख) क्या उपरोक्त बारात घर के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई निधि आबंटित की गई है; यदि हां; तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## धारूहेड़ा को उप- मण्डल के रूप में घोषित करना

*164 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या खंड कार्यालय तथा कस्बा धारूहेड़ा को उप-मण्डल कार्यालय के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

----

## सेम की समस्या का समाधान करना

*165 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पृथला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों भानकपुर, नंगला, जोगियान, कबूलपुर बांगर, मोहल्ला लौधियापुर का भू-जल बहुत खारा है तथा यहां सेम

की भी समस्या है जिसके  कारण यहां पर कोई फसल नहीं उगाई जा सकती; तथा

(ख) क्या उपरोक्त गांवों  से पानी निकालने के लिए ट्यूबवेल लगाने तथा उसे गौंछी  ड्रेन में छोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि सेम की समस्या का समाधान हो सके तथा उक्त  गांवों  के लोग अपनी फसलें उगा सके ; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## भविष्य में आवारा एवं बेसहारा पशुओं पर नियंत्रण करने के लिए नीति

*166 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या भविष्य में सिरसा जिले में आवारा एवं बेसहारा पशुओं पर नियंत्रण करने के लिए सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गई है ताकि इससे सम्बन्धित दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके ; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ट्रॉमा सेंटर खोलना

*167 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला नूंह में मांडीखेडा के नागरिक अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## छठ पूजा घाट तथा रिवर- फ्रंट विकसित करना

*168 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि  क्या बाढ़ी-माजरा पुल से पुरानी जगाधरी- सहारनपुर सड़क तक पश्चिमी यमुना नहर के पश्चिमी किनारे पर छठ पूजा घाट तथा रिवर-फ्रंट विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## महाविद्यालय के भवन का निर्माण करना

*169 **श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है सरकार द्वारा लगभग 2 वर्ष पहले फतेहाबाद जिला मुख्यालय के पास एक महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई थी तथा उक्त महाविद्यालय की कक्षाएं अभी भी गांव भोड़िया खेड़ा में स्थित महाविद्यालय में चल रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त घोषणा के अनुसार उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अवैध कब्जे से भूमि को मुक्त करवाना

*170 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) बल्लभगढ़ विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के सेक्टर 2,4 आर, 62, 64, 65 तथा त्रिखा कॉलोनी के अंतर्गत आने वाली हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि का क्षेत्र कितना है, जिस पर अवैध कब्जा किया गया है; तथा

(ख) उपरोक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा इस भूमि को कब तक मुक्त करा दिए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरना तथा अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराना

*171 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना नागरिक अस्पताल द्वारा 2 लाख से अधिक की आबादी को कवर किया जाता है तथा वहां चिकित्सकों के 7 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 2 चिकित्सक नियुक्त हैं;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तथा रेडियोलॉजिस्ट नहीं है; तथा

(ग) क्या उक्त अस्पताल में चिकित्सकों तथा रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है तथा यहां अल्ट्रासाउंड मशीन कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक महाविद्यालय खोलना

***172 डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कुंड तथा बास दूदा में लड़के तथा लड़कियों के लिए एक महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## सड़कों का पुनर्निर्माण करना

***173 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि मंडी आदमपुर कस्बे में नई सीवर लाइन बिछाने के कार्य के कारण सभी संबंधित सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसके परिणामस्वरुप स्थानीय लोगों तथा आदमपुर कस्बे में आने वाले अन्य लोगों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा इस संबंध में कुल कितना बजट स्वीकृत किया गया है?

----

## सरसों उत्कृष्टता केंद्र खोलना

***174 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पूरे दक्षिण हरियाणा में सरसों उत्कृष्टता केंद्र जैसी कोई परियोजना नहीं है; यदि हां, तो क्या राष्ट्रीय राजमार्ग- 71 पर स्थित गांव टहना दिपालपुर में कृषि विभाग की 24 एकड़ भूमि पर एक सरसों उत्कृष्टता केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि खंड डहीना तथा इसके आस-पास के 40- 50 गांवों में कोई सरकारी बीज बिक्री केंद्र नहीं है; यदि हां, तो क्या डहीना/ कव्वाली में हरियाणा बीज विकास निगम बीज बिक्री केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## नशा रोकने के लिए की गई कार्रवाई

*175 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में नशे के कारण प्रभावित युवाओं की संख्या कितनी है तथा राज्य में सरकारी नशा मुक्ति केन्द्रों की जिला- वार संख्या कितनी है तथा उक्त नशा मुक्ति केन्द्रों की क्षमता कितनी है; तथा

(ख) नशा रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए पगों का ब्यौरा क्या है तथा पिछले 5 वर्षों में नशे की लत/ नशे से मुक्त हुए युवाओं की जिला- वार संख्या कितनी है?

----

## विश्रामगृह का निर्माण करना

*176 **श्री कपूर सिंह ( बवानी खेड़ा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 1986 में मार्किट कमेटी ने किसानों के लिए विश्राम गृह के निर्माण के लिए एक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से बवानी खेड़ा में 3.30 एकड़ भूमि खरीदी थी, लेकिन अभी तक इसका निर्माण नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त भूमि पर किसानों के लिए विश्राम गृह बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## नागरिक सेवा केंद्र शुरू करना

*177 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पंचकूला में नगर- निगम द्वारा नागरिक सेवा केन्द्रों का निर्माण किया गया था;

(ख) उपरोक्त केन्द्रों की परियोजना का उद्घाटन कब किया गया था तथा क्या उपरोक्त केन्द्रों को शुरू करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय अवधि निर्धारित की गई थी; तथा

(ग) क्या इन नागरिक सेवा केन्द्रों को शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ऑफलाइन (मैन्युअल) विवाह पंजीकरण का प्रावधान

***178 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में विवाहों के ऑफलाइन (मैन्युअल) पंजीकरण करने का सरकार का कोई प्रावधान है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण

***179 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य में तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना शुरू की गई थी; यदि हां, तो अब तक उक्त योजना के तहत कितने तालाबों का सौंदर्यीकरण या मरम्मत की गई है तथा उक्त तालाबों पर कितनी राशि खर्च की गई है तथा इसका जिला- वार एवं वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

----

## अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूरा करना

***180 श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नारनौंद में 100 बेड के अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----